# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उतराखंड से लगी नेपाल सीमा पर चौबीस घंटे हो रही कड़ी सुरक्षा

**भारत–चीन विवाद**

## पिथौरागढ़ की सीमाएं चीन और नेपाल सीमा से जुड़ी हुई है

- सीमा बल के जवान भारत–नेपाल सीमा पर धारचूला से कालापानी तक पूरी तरह मुस्तैद
- चीन ने हाल ही में लिपुलेख के पास एक हजार तक के जवान किये तैनात



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। लद्दाख में चीनी सेना की बढ़ी घुसपैठ के बाद पिथौरागढ़ जनपद की चीन और नेपाल बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था और भी पुख्ता कर दी गई है। बता दें कि सशस्त्र सीमा बल के जवानों को भारत नेपाल सीमा पर धारचूला से कालापानी तक पूरी तरह मुस्तैद कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल के जवान चौबीस घंटे से बार्डर पर खासी निगरानी रखे हुए है।

जानकारी के मुताबिक जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद से आईटीबीपी और सीमा सुरक्षा बलों के लौटे जवानों को भारत नेपाल बार्डर सीमा पर पूरी तरह चाक चौबंध गश्त करने में लगा दिया गया है। बता दें कि पिथौरागढ़ जनपद की सीमाएं चीन और नेपाल सीमा से जुडी हुई है।

सुरक्षा ऐंजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार चीन सीमा पर चीन द्वारा हाल ही में लिपुलेख के पास एक हजार तक के जवान तैनात किये है। दूसरी ओर मानसरोवर क्षेत्र के पास चीन मिसाइल बेस बना रहा है। चीन और नेपाल के मध्य चल रही चीनी गतिविधियों के मददेनजर सीमा पर चौकसी और भी ज्यादा बढ़ा दी गई है। सेना और सुरक्षा बलों के जवान सीमा पर खासी निगरानी बनाये हुए है। गुंजी गर्ब्याग सहित अन्य सीमावर्ती इलाको में सुरक्षा तेज कर दी गई है। चीन की हरकतों का मुंहतोड़ तवाब देने के लिए सीमा पर सुरक्षा ऐंजेंसियों ने गश्त बढ़ा दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारत नेपाल सीमा पर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद अपनी डयूटी से लौटे सेना व सुरक्षा बलों के जवानों को भारत नेपाल बार्डर पर जवानों को मौके पर बार्डर पर तैनाती दे दी गई है। भारत नेपाल सीमा पर स्थित लिपुलेख भरत नेपाल और चीन सीमा को सीधा जोड़ता है।

## न्यूज डायरी

### नेपालियों के डेरे के ऊपर गीरा रोडी से भरा डंपर

**संवाददाता** पुरोला। खलाडी–करडा रोड पर छाडा खड के पास कोर्ट रोड़ पर रोड़ी भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सडक से नीचे नेपाली मजदूरों के डेरे के ऊपर गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया व पत्नी व बेटे की रोडी के नीचे दबनें से मौके परही मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर बाद तीन बजे की है जब रोडी से भरा डंपर नौगांव से रोडी लेकर आ रहा था कि पुरोला में छाडा खड के पास खलाडी–करडा मार्ग पर कोर्ट रोड पर रोडी से भरा डंपर अनियंत्रित होकर सडक के नीचे नेपालियों के डेरे के उपर पलट गया। उस वक्त नेपाली परिवार खाना खा रहा था। डंपर व रोडी के नीचे दबकर नेपाली मजदूर जियालाल की पत्नी नंदादेवी 55 वर्ष,पुत्र कालूराम 19 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जियालाल पुत्र मेवालाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ग्रीन वैली ने कई शिक्षकों को सम्मानित कर इस दिवस को मनाया

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब देहरादून ग्रीन वैली ने कई शिक्षकों को सम्मानित कर इस दिवस को मनाया। आज राजधानी में एक कार्यक्रम में लायन्स क्लब देहरादून ग्रीन वैली के तत्वावधान में दून के मेधावी व कर्मठ शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएनआई बालक इंटर कालेज से विकास त्यागी, हिन्दू नेशनल इंटर कालेज से डा. एच के चौधरी, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजपुर रोड से हुकम सिंह उनियाल, एस जीआरआर पीजी कालेज से डा. अतुल, सीएनआई बालिका इंटर कालेज से प्रीति गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार गोयल ने कहा कि पूरे दून शहर से पांच शिक्षकों का चयन शिक्षण एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये उत्कृष्ट योगदान के आधार पर किया गया।

### पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डा. सर्व पल्ली राधा कृष्णन को जयन्ती पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने आज शारीरिक दूरी बनाये रखते हुये अपने कार्यालय कांवली रोड पर देश के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डा. सर्व पल्ली राधा कृष्णन को उनकी जयन्ती पर याद किया। स्मरण रहे कि डॉक्टर स्वर्गीय राधा कृष्णन एक शिक्षक भी थे इसी लियें आज के दिन उनके जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप मनाया जाता हे। समिति के प्रभात डंडरियाल,और आरिफ वारसी ने कहा हे की स्वर्गीय सर्व पल्ली राधा कृष्णन को सच्ची श्रध्द्धांजलि यही होगी कि शिक्षक छात्रों को सही राह दिखाएं ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके छात्र गलत राह न पकड़े पाये।।

## जान जोखिम में डालकर बंद पड़े मार्गो से होकर आवाजाही करने को मजबूर



**संवाददाता** पिथौरागढ़। बंगापानी तहसील के अन्तर्गत आने वाले गैला व पत्थरकोट तौमिक सड़क के बंद होने से सीमांत में लोगों को जरूरती वस्तुओं के लाले पड़ने लगे है। बता दें कि दो माह से ज्यादा तक का समय बीत चुका है। अभी भी सीमांत में हालात जस के तस बने हुए है। आलम यह है कि मजबूर गग्रमीणों को पन्द्रह किमी की पैदल दूरी तय कर राशन ढ़ोने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही ऐसे में गांवों के गग्रमीणों की मुशिकिलें और ज्यादा बढ़ने की संभावना नजर आने लगी है। क्षेत्र में भरी बारिश के चलते पत्थरकोट सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क में कई जगह भारी मलबा आ गया है। सड़क के बंद होने से क्षेत्र के गग्रमीणों को जान जोख्मिमें डालने के साथ आवाजाही करने व जरूरती वस्तुओं के लिए खासा परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्र के गग्रमीणों ने इन बंद पड़े मार्गो को खोलने के लिए क्षेत्रीय प्रशासन व पीएमजीएसवाई व तहसील प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी कोई हल नही निकल पाये है। क्षेत्र के नाराज गग्रमीणों की मुश्किलें थमनें का नाम नही ले रही है। ऐसे हालातों में क्षेत्र के गग्रमीणो को अपनी जान की परवाह किये बिना इन कठिन रास्तों से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र के गग्रमीणों ने कहा है कि यदि शीघ्र उनके इलाके की बंद पड़ी सड़कों को नही खोला गया तो वे इसके लिए मजबूर होकर प्रदर्शन करने को बाध्य होगे।

## दो साल से पेंशन के लिए भटक रहे दिव्यांग युवक ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

- शारीरिक दिव्यांग (बौना) देवढुङ्ग गांव निवासी युवक है
- दो सालों से ब्लॉक व समाजकल्याण विभाग के काट रहा है चक्कर

**संवाददाता**

पुरोला। प्रदेश सरकार का समाजकल्याण विभाग भले ही विकलांगों,विधवा,बृद्धजनों को पेंशन देने के बड़े बड़े दावे कर ले किन्तु जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष उदाहरण तहसील मुख्यालय पुरोला से सटे महज एक किलोमीटर दूरी पर स्थित देवढुङ्ग गांव के 20 वर्षीय दिव्यांग युवक अंकित कुमार का है जो तीन सालों से दिव्यांग पेंशन को लेकर खण्डविकास,समाजकल्याण व स्थानीय प्रशासन के दफ्तरों का चक्कर काट रहा है किंतु आज तक पेंशन नही मिली।



आखिर गुरुबार को अंकित कुमार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से पेंशन को लेकर अपनी गरीब माँ के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय में गुहार लगाई। अंकित कुमार ने बताया कि वह अपनी माँ व एक भाई के साथ रहता है जो दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं,शारीरिक दिव्यांगता बौनापन होने के कारण शारीरिक रूप से मजदूरी करने में बड़ी दिक्कत होती है कई बार जिलामुख्यालय तक के दफ्तरों में गुहार लगाने पर भी अभी तक पेंशन योजना का लाभ नही मिल पाया,जिलाधिकारी से मुलाकात पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

वंही उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने कहा कि उक्त युवक शारीरिक रूप से बौना है दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ के लिए सहायक समाजकल्याण अधिकारी को कहा गया है पुरोला में कैम्प आयोजित होने पर चिकित्सकीय परीक्षण करवाकर अंकित कुमार को पेंशन का लाभ दिया जाएगा।

### आहत पिता बेटियों संग खुदकुशी करने कोतवाली पहुंचा

**संवाददाता** हल्द्वानी। हल्द्वानी राजपुरा के टनकपुर रोड पर रहने युवक की लॉकडाउन के दौरान नौकरी छूट गयी। बड़े भाई ने किराएदारों से मिलने वाले किराए पर भी कब्जा जमा लिया। आर्थिक तंगी से परेशान युवक शनिवार को अपनी दो मासूम बेटियों को लेकर कोतवाली पहुंच गया। हाथ में दराती लिए युवक ने कोतवाली में आत्मदाह का प्रयास किया तो पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। जवानों ने युवक से दराती छीनी और हिरासत में ले लिया। युवक का शांतिभंग में चालान किया गया है। वार्ड नंबर 14 के टनकपुर रोड में धरमवीर परिवार के साथ रहता है। धरमवीर के मुताबिक उस पर पत्नी व दो बेटियां आश्रित हैं। वह एक दुकान में काम कर परिवार का भरण–पोषण कर रहा था। लॉकडाउन के दौरान उसकी नौकरी छूट गयी। उसके मकान में कुछ कमरे बड़े भाई ने किराये पर दे रखे हैं। जिनका किराया भी बड़ा भाई लेता है। एसएसआइ कश्मीर सिंह ने बताया कि धरमवीर का शांति भंग में चालान किया है।